आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
सोमवार 30.06.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत को मॉडल जिला बनाने के लिए इसरो और यूकॉस्ट द्वारा विकसित डैशबोर्ड का शुभारंभ किया।
- प्रदेश में संभावित बाढ़ और जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए देहरादून सहित पांच जिलों में मॉक ड्रिल की गई।
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए महेंद्र भट्ट ने नामांकन किया। फिर से चुना जाना तय।
- चमोली जिले में पीएम किसान निधि के 162 अपात्र किसान चिन्हित। ऑनलाइन रिफंड कर सकेंगे धनराशि।

**अंतरिक्ष सम्मेलन**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, आज देहरादून में 'विकसित भारत– 2047' के निर्माण के लिए हिमालयी राज्यों के परिप्रेक्ष्य में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयोग अन्तरिक्ष सम्मेलन 2025 में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चंपावत को मॉडल जिला बनाने के लिए इसरो और यूकॉस्ट द्वारा विकसित डैशबोर्ड का शुभारंभ किया। साथ ही इसरो द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विज्ञान और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्पित है। श्री धामी ने कहा कि प्रदेश में साइंस सिटी, साइंस एवं इनोवेशन सेंटर, एआई, रोबोटिक्स, ड्रोन व अन्य अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मेलन उत्तराखण्ड को "स्पेस टेक्नोलॉजी फ्रेंडली स्टेट" बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और प्रदेश के सतत विकास में सहयोगी सिद्ध होगा।

इस अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने कहा कि एक समय था जब हमारे रॉकेट साइकिल से ले जाए करते थे, पर आज भारत ने कई विश्व रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। हमने दुनिया में सबसे पहले चंद्रमा पर पानी के अणु की मौजूदगी का पता लगाया है। उन्होंने कहा कि भारत पहला देश है, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहली बार लैंड किया है। भारत, आदित्य एल–1 मिशन के साथ सूर्य का अध्ययन करने वाला चौथा देश बन गया है।

**बाढ़ / जलभराव मॉक ड्रिल**

प्रदेश में बारिश के कारण संभावित बाढ़ और जलभराव की स्थिति से कारगर तरीके से निपटने के लिए आज देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, चंपावत और नैनीताल जिलों के मैदानी क्षेत्रों में मॉक ड्रिल की गई। राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र से मॉक ड्रिल पर नजर रखी गई। आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य, आपदा के दौरान की जानी वाली विभिन्न तैयारियों का जायजा लेना है।

उधर, चम्पावत जिले के मैदानी टनकपुर और बनबसा क्षेत्रों में जल स्तर बढ़ने और सूखे नालों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान संबंधित विभागों ने आपदा प्रबंधन की प्रक्रिया, समन्वय, संचार और बचाव कार्यों का सफल अभ्यास किया। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि चम्पावत जिला भौगोलिक दृष्टि से संवेदनशील है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले के पांच स्थानों पर मॉक ड्रिल की गई।

वहीं, हरिद्वार जिले में गंगा का जलस्तर बढ़ने की स्थिति से उत्पन्न संभावित खतरों को देखते हुए पांच स्थानों पर मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान आपात स्थितियों में लोगों को बचाने के लिए प्राथमिक उपचार देने और अस्पतालों तक पहुंचाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। ऊधमसिंह नगर जिले में चार स्थानों पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नामांकन

भाजपा संगठन पर्व के अंतर्गत प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के चुनाव के तहत आज नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। देहरादून स्थित प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने एकमात्र नामांकन दाखिल किया, जिससे तय माना जा रहा है कि वे फिर से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। कल उनके नाम की औपचारिक घोषणा की जाएगी। निर्वाचन अधिकारी एवं राजपुर के विधायक खजानदास के समक्ष श्री भट्ट ने नामांकन प्रस्तुत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पार्टी के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, सांसद अनिल बलूनी, मालाराज्य लक्ष्मी शाह, अजय भट्ट और अजय टम्टा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

**अपात्र लाभार्थी**

चमोली जिले में पीएम किसान निधि पाने वाले 162 को अपात्र मानते हुए उनसे धनराशि वापस लिए जाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने पीएम किसान निधि की समीक्षा करते हुए केंद्र सरकार के निर्देश पर मुख्य कृषि अधिकारी और उपजिलाधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि जिले में इस योजना के तहत 46 हजार 874 किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में योजना के संपादन के लिए की गई ई–के.वाई.सी. और आधार लिंक के आधार पर जिले के 162 किसानों की आय में मानकों से अधिक वृद्धि होने के बाद अपात्र पाया गया है। ऐसे में केंद्र सरकार के निर्देश के क्रम में नियमानुसार चिह्नित किसानों से 17 लाख 68 हजार की धनराशि जमा की जानी है। इन किसानों को नोटिस जारी कर धनराशि जमा करवाने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अपात्र किसानों की सूची में शामिल हुए किसान ऑनलाइन रिफंड के माध्यम से धनराशि जमा करवा सकेंगे, जिसके लिए केंद्र सरकार की ओर से ऑनलाइन रिफंड की सुविधा शुरु की गई है। इसमें रिफंड धनराशि सीधे केंद्र सरकार को प्रत्यावर्तित की जा सकेगी।

**चारधाम यात्रा शुरू**

प्रदेश में बारिश के चलते पिछले 24 घंटे के लिए स्थगित की गई चारधाम यात्रा फिर से शुरू कर दी गई है। गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि यात्रा पर लगा अस्थायी प्रतिबंध हटा लिया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों को अपने क्षेत्रों में मौसम की स्थिति के अनुसार वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी को देखते हुए सरकार, यात्रा का संचालन कर रही है।

गौरतलब है कि भारी बारिश और भूस्खलन की आशंका के चलते प्रशासन ने एहतियातन चारधाम यात्रा पर 24 घंटे की रोक लगाई थी।